तेरा ही सहारा श्याम | by Simran Kaur

पास कुछ भी नहीं है खोने को श्याम
मैं हूँ मेरा है बस हौंसला है बचा
तेरे चरणों में आई हूँ थक हार के
मुझको तेरा ही बाबा सहारा बचा
पास कुछ भी नहीं है............

मेरे वाणी में बाबा वो दम ही कहाँ
जिससे तेरी कृपा को करूँ मैं बयां
दर पे आना ही मेरी किस्मत है श्याम
तेरा दर ही ठिकाना मेरा हो गया
पास कुछ भी नहीं है............

मेरी इच्छा से तेरी परीक्षा बढ़ी
मुझमे हिम्मत नहीं की रहूं मैं खड़ी
हार भी मेरी तुम हो जीत भी तुम
हार को है सहारा तेरा बचा
पास कुछ भी नहीं है............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-simran-kau/